Prof. Vinod Kumar Singh
Vice-Chancellor

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय
Maharaja Ganga Singh University

बीकानेर-334 004 (राजस्थान) / Bikaner-334 004 (Rajasthan)
Email: vc@mgsubikaner.ac.in; Website: www.mgsubikaner.ac.in
Ph. + 91-151-2970064

क्रमांक : 194
दिनांक : 06/07/2022

सर्वप्रथम मैं समस्त शिक्षक साथियों को नवीन शैक्षणिक सत्र 2022-23 की हार्दिक शुभ मंगलकामनाएं प्रेषित करता हूँ। हम सभी साथियों का प्रयास है कि हमारा यह विश्वविद्यालय निरन्तर प्रगति एवं शैक्षणिक उन्नयन की ओर अग्रसर हो। हमें अपने इस विश्वविद्यालय को सफलता की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए संकल्प लेते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्वक एवं नैतिक शिक्षा का ज्ञान प्रदान करते हुए उनके शैक्षणिक जीवन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्मार्ट यूनिवर्सिटी की ओर कदम बढ़ाते हुए **"सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स डाटा बैंक"** बनाने का निर्णय लिया गया है। इस डाटा बैंक में देश के विख्यात शिक्षाविद् एवं शोध विशेषज्ञों का पंजीयन करके उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर विश्वविद्यालय अध्ययन बोर्ड, प्रश्न पत्र निर्माण, उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन, कॉलेज निरीक्षण, शोध सारांश एवं शोध प्रबन्धन की जाँच आदि कार्यो के लिए उनकी सेवाएं ली जा सकेंगी। **आगामी समय में अध्ययन बोर्ड का पुनर्गठन होना है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय कार्यो में सहयोग करते हुए उक्त विश्वविद्यालय वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर उपलब्ध पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क अपना पंजीयन करने का श्रम करे।

शुभेच्छु,

06/07/22.

(प्रो. विनोद कुमार सिंह)